Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 10-08-2006

Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

>

Title : Need to shift the Railway gates of Balrai and 24C, Chandanpur Kothi railway crossing towards East for the convenience of the public.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : महोदय, सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र इटावा के दो रेलवे फाटकों को अवस्थित जगह से पूर्व की दिशा में अवस्थित करने के संबंध में आग्रह करते हुए कहना है। पहला, बलरई रेलवे स्टेशन के पूर्व में लूप लाइन पर रेलवे क्रासिंग होने से मालगाड़ी अनवरत् कई दिनों तक लूपलाइन पर खड़े होने से रेलवे फाटक जाम हो जाता है एवं रेल के नीचे से हो कर जाना पड़ता है, जिससे काफी परेशानी एवं दुर्घटना आए दिन होती रहती है।

दूसरा, 24 सी, चान्दनपुर कोठी रेलवे क्रासिंग की कोई उपयोगिता नहीं रह गई है, क्योंकि जो पक्की सड़क का निर्माण किया गया है, वो क्रासिंग के पूर्व की दिशा में है जबकि अभी क्रासिंग बीच गांव में है जिससे आम ग्रामीण एवं नागरिक को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि उपयुक्त समस्या के निदान हेतु दोनों रेलवे फाटक को पूर्व की दिशा में बढ़ा कर अवस्थित कराने की कृपा करें, जिससे आम नागरिक को समस्या से निदान मिले।